बलरामपुर पुलिस

# साइबर ठगी के 64 हजार कराए वापस

बलरामपुर। साइबर ठगी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई से तीन पीड़ितों को राहत मिली है। हेल्पडेस्क ने 64,968 रुपये पीड़ितों के खातों में वापस कराए।

कोतवाली जरवा के मदहवा निवासी राकेश कुमार के साथ 18 मई को ठगी हुई थी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने तकनीकी जांच कर ठगी की रकम को आरोपी के खातों में होल्ड कराया। नोडल अधिकारी से समन्वय के बाद 28,767 रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराए गए।

सादुल्लानगर क्षेत्र के गुमाफातिमा जोत निवासी आशीष कुमार गुप्ता से 24 जून को लोन की किस्त की तारीख आगे बढ़ाने के नाम पर 14,200 रुपये की ठगी की गई थी। विधिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद 13,061 रुपये वापस कराए गए। वहीं, गौरा चौराहा क्षेत्र में फोन हैक कर 50,000 रुपये की साइबर ठगी की गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 23,140 रुपये होल्ड कराए। न्यायालय के आदेश के बाद यह रकम पीड़ित के खाते में वापस कराई गई। (संवाद)